मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-300
20/09/2024

# मुख्यमंत्री ने सहरसा जिले में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास, प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर का किया लोकार्पण

- **पर्यटन विभाग के द्वारा अब हर वर्ष यहां विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव आयोजित किया जायेगा– मुख्यमंत्री**

पटना, 20 सितम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सहरसा जिला अंतर्गत कहरा प्रखंड के ग्राम पंचायत दिवारी में स्थित प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य के सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुये कहा कि पर्यटन विभाग के द्वारा अब हर वर्ष यहां विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव आयोजित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के परिसर का भ्रमण कर विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया एवं मंदिर परिसर स्थित तालाब में मच्छली का जीरा छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण बेहतर ढंग से किया गया है। अब यहां आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी, यहां आकर उन्हें अच्छा लगेगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कहरा प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत अमरपुर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 414.74 करोड़ रूपये की लागत से सहरसा जिला अंतर्गत खजुर देवा चौक से डेंग राही घाट के बीच कोसी नदी पर उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही 5.67 करोड़ रूपये की लागत से सहरसा जिला में निर्मित होनेवाले मॉडल थाना भवन का भी शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत पंचायत सरकार भवन अमरपुर के पास स्थित सरकारी पोखर के उड़ाही कार्य का भी मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पोखर में मच्छली का जीरा भी छोड़ा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस सरकारी पोखर के किनारे सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं तथा इसके चारो तरफ सघन वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने जल–जीवन–हरियाली अभियान के माध्यम से सरकारी तालाबों का जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण कराया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री विशेष सहयता योजना, मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना, मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को प्रदान किया। 1738 जीविका संपोषित स्वयं सहायता समूहों को 62 करोड़ 43 लाख रूपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन

योजना के तहत 306 लक्ष्यित परिवारों को 1 करोड़ 12 लाख 57 हजार रूपये का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को प्रदान किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह सहरसा जिला के प्रभारी मंत्री डॉ0 दिलीप कुमार जायसवाल, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री रत्नेश सादा, सांसद श्री संजय कुमार झा, सांसद श्री दिनेश चंद्र यादव, विधायक श्री आलोक रंजन, विधायक श्री यूसूफ सलाहउद्दीन, विधायक श्री गुंजेश्वर साह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, कोसी प्रमंडल के आयुक्त श्री दिनेश कुमार, कोसी प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री मनोज कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरक्षा, श्री दीपक कुमार वर्णवाल, सहरसा के जिलाधिकारी श्री वैभव चौधरी, सहरसा के पुलिस अधीक्षक श्री हिमांशु सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******